दिन– बुधवार दिनांक– 19 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नवनिर्मित परिसर का उद्घाटन किया। कहा– विश्वविद्यालय का कायाकल्प उभरते भारत की क्षमता और ताकत का प्रतीक है।

02. केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने कहा– खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र किसानों की आय बढ़ाने और विकसित भारत के सपने को साकार करने में प्रमुख भूमिका निभा सकते हैं।

03. नीट–यूजी पेपर लीक मामले में आर्थिक अपराध इकाई– ईओयू ने दो परीक्षार्थियों से आज गहन पूछताछ की।

04. और, प्रदेश के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों के मौसम में बदलाव। किशनगंज, अररिया, पूर्णियां और सुपौल में जहां बारिश रिकॉर्ड की गयी। वहीं, औरंगाबाद, पटना और बक्सर भीषण गर्मी के चपेट में।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ज्ञान, वर्ष दो हजार सैंतालीस तक भारत को विकसित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। श्री मोदी ने राजगीर में आज नालंदा विश्वविद्यालय के नवनिर्मित परिसर का उद्घाटन करने के बाद सुषमा स्वराज सभागार में छात्रों और संकाय सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत अपनी शिक्षा और ज्ञान प्रणाली को मजबूत कर महाशक्ति का स्थान हासिल कर सकता है। उन्होंने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय दुनिया के सामने हमारी पहचान और परंपराओं का बड़ा उदाहरण है।

–––बाईट–––

नालंदा ये केवल नाम नहीं है, नालंदा एक पहचान है, एक सम्मान है, नालंदा एक मूल्य है, नालंदा एक मंत्र है, गौरव है, गाथा है, नालंदा है उदघोष इस सत्य का कि आग की लपटों में पुस्तकें भले जल जाएं, लेकिन आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकती।

श्री मोदी ने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय का नया स्वरूप उभरते भारत की क्षमता और ताकत का प्रतीक है।

–––बाईट–––

नालंदा का नव जागरण ये नया कैम्पस विश्व को भारत के सामर्थ्य का परिचय देगा। नालंदा बताएगा जो राष्ट्र मजबूत मानवीय मूल्यों पर खडे होते हैं। वो राष्ट्र इतिहास को पुर्नजीवित करके बेहतर भविष्य की नीव रखना जानते हैं।

श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार प्राचीन परंपराओं के लोकाचार पर काम कर रही है इसलिए साथ मिलकर विकास और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसी कडी में अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन को भी मजबूत बनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उद्‌घाटन समारोह में इतने देशों को उपस्थित होना अपने आप में अभूतपूर्व है।

———बाईट———

नालंदा केवल भारत के ही अतीत का ही पुर्नजागरण नहीं है इसमें विश्व के, एशिया के कितने ही देशों की विरासत जुडी हुई है। एक युनिवर्सिटी कैम्पस के इनोग्रेशन में इतने देशों का उपस्थित होना ये अपने आप में अभूतपूर्व है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत में शिक्षा मानवता के लिए हमारे योगदान का एक माध्यम मानी जाती है। हम सीखते हैं ताकि अपने ज्ञान से मानवता का भला कर सकें। दो दिन के बाद ही इक्कीस जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है।

———बाईट———

विदेश मंत्री सुब्रहमण्यम जयशंकर ने इस अवसर पर कहा कि वे ज्ञान के एक वैश्विक पुल के पुनरुद्धार को देख रहे हैं जो अतीत की तुलना में और भी मजबूत रिश्ते बना सकता है। प्रधानमंत्री ने विश्व धरोहर का दर्जा प्राप्त प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के खंडहरों का भी दौरा किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय का गौरवशाली इतिहास रहा है। प्राचीन काल में नालन्दा विश्वविद्यालय की पहचान शिक्षा के केन्द्र के रूप में थी। इस अवसर पर बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा सहित अन्य प्रतिनिधि और सत्रह देशों के राजदूत भी उपस्थित थे।

———————————————————————————————

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं और यह किसानों की आय बढ़ाने और विकसित भारत के सपने को साकार करने में प्रमुख भूमिका निभा सकते हैं। श्री पासवान ने दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत करते हुये कहा कि सरकार किसानों के आय बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

———बाईट———

पेरिशेबल आइटम्स है, वेजिटेबल्स है, फ्रूट्स है, इन तमाम चीजों को अलग–अलग माध्यम से भले वो कोल्ड स्टोरेज के माध्यम से हो, रेडिएशन के माध्यम से हो, कैसे हम लोग वेस्टेज को एकदम मिनिमाइज कर सके, वैल्यू एडिशन हम लोग कैसे कर सके। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि जहां पर उत्पादन हो रहा है, अगर वहीं पर ही प्रोसेसिंग यूनिट्स हो वहीं पर उसकी पैकेजिंग बेहतर हो जाए तो हम लोग मार्केट कर पाए तो किसानों को स्वाभाविक है इसका ज्यादा लाभ होगा। अगले 5 सालों में इसी दिशा में हम लोग का मंत्रालय कार्य करेगा।

———————————————————————————————

नीट–यूजी पेपर लीक मामले में आर्थिक अपराध इकाई– ईओयू का नोटिस मिलने के बाद दो परीक्षार्थी पटना स्थित एजेंसी के कार्यालय पहुंचे। अभ्यर्थियों से नीट पेपर लीक को लेकर पूछताछ की गई। इस मामले में ईओयू ने नौ अभ्यर्थियों को नोटिस भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया था। यह सभी छात्र राज्य के अलग–अलग जिलों के हैं।

———————————————————————————————

केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने नीट–यूजी परीक्षा में अनियमितता और कदाचार रोकने की मांग की। साथ ही उन्होंने दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की बात कही।

———बाईट———

———————————————————————————————

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिला परिषद के अध्यक्ष के रिक्त पद पर निर्वाचन की तिथि छब्बीस जून को पुनर्निर्धारित की गई है। इससे पहले निर्वाचन की तिथि इक्कीस जून निर्धारित की गई थी। अपरिहार्य कारणों से इसमें परिवर्तन किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह–जिला पदाधिकारी, पटना द्वारा संबंधित सूचना सभी माननीय सदस्यों को विधिवत रूप से देने का निदेश दिया गया है।

———————————————————————————————

मुजफ्फरपुर के एक निजी अस्पताल में दो वर्ष पूर्व सुनिता नामक महिला की किडनी निकालने के मामले में आज जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सजा की घोषणा की। न्यायालय ने अस्पताल के संचालक पवन को दोषी ठहराते हुये सात वर्ष की सजा सुनाई। साथ ही अठाहर रूपये का अर्थदंड भी लगाया। पीड़ित महिला का एसकेएमसीएच, मुजफ्फरपुर में इलाज चल रहा है।

———————————————————————————————

प्रदेश के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों के मौसम में बदलाव दिख रहा है। राज्य के उत्तरी हिस्सों में कई स्थानों पर जहां भारी बारिश हुयी है, वहीं, दक्षिणी हिस्सा लू की चपेट में है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार किशनगंज जिले के ठाकुरगंज और पोठिया में बहुत भारी बारिश दर्ज की गयी है। ठाकुरगंज में दो सौ छह मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। वहीं, अररिया, पूर्णियां और सुपौल समेत राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्सों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई है। इधर, छपरा, शेखपुरा, बक्सर, भोजपुर औरंगाबाद, नवादा, नालंदा अरवल और सीवान जिले भीषण गर्मी की चपेट में आज रहा। राज्य का अधिकतम तापमान औरंगाबाद में दर्ज किया गया। जहां का

अधिकतम तापमान चौवालीस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं, राज्य के सोलह जिलों में तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुणाल कौशिक ने बताया कि पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पूर्वी तथा शेष भाग के एक दो स्थानों पर गजर और तेज हवा के साथ बारिश की सम्भावना है

———बाईट———

——————————————————————————————

नेपाल स्थित कोसी बराज से आज शाम छह बजे तक एक लाख इक्कसी हजार नौ सौ सत्तर क्यूसेक पानी छोड़ा गया। पिछले कुछ दिनों से कोसी बराज से बढ़ते क्रम से पानी का डिस्चार्ज रिकॉर्ड किया जा रहा है जिससे निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है।

——————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बाढ़ और सुखाड़ की आशंका के मद्देनजर अधिकारियों को किसी भी स्थिति के लिए तैयार रहने को कहा। श्री कुमार ने विभिन्न विभागों को समन्वय बनाकर काम करने के निर्देश दिये हैं।

——————————————————————————————

केन्द्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि अररिया के सिकटी में बकरा नदी पर ध्वस्त हुए पुल का निर्माण केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय के अंतर्गत नहीं हुआ था। केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के कार्यालय ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि इस पुल का निर्माण राज्य सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत हो रहा था।

——————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात के लिए जनता से सुझाव मांगे हैं। यह कार्यक्रम इस महीने की तीस तारीख को आकाशवाणी से प्रसारित किया जाएगा। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि सुझाव मॉय गोव् ओपन फोरम, नमो एप या टोल फ्री नंबर– एक आठ शून्य शून्य एक एक सात आठ शून्य शून्य पर रिकार्ड संदेश के रूप में भेजे जा सकते हैं।

——————————————————————————————

सीतामढ़ी–रिगा मुख्य मार्ग पर खैरवा चौक के पास मोटरसाईकिल सवार अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर सीएससपी संचालक से आठ लाख रूपये लूट लिये। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

——————————————————————————————

शेखपुरा जिले के बरबीघा नगर क्षेत्र के माहुरी टोला में एक निजी बैंक के कर्मी से अस्सी हजार रूपया लूट लिये। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

———————————————————————————

औरंगाबाद जिले की साईबर पुलिस ने एटीएम से छेड़छाड़ कर बड़े पैमाने पर राशि की निकासी करने वाले अंतरप्रांतीय गिरोह का चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। साइबर पुलिस उपाधीक्षक अनु कुमारी ने बताया कि इस गिरोह ने जिले के लगभग चालीस एटीएम से राशि की निकासी की थी। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ की जा रही है।

———————————————————————————

अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्वाभ्यास के क्रम में पश्चिम चम्पारण जिले के बेतिया स्थित एसएसबी के चौवालीसवीं वाहिनी की ओर से योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वाहिनी के कमान अधिकारी गोविंद कुमार ठाकुर ने बताया कि योग कार्यक्रमों में सीमावर्ती, स्थानीय जन समुदाय को भी शामिल कर उन्हें जागरूक किया जायेगा।

———————————————————————————

कैमूर जिले में भभुआ—कुदरा पथ पर कुकुराढ़ पेट्रोल पंप के पास कंटेनर की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार शिक्षिका की घटना स्थल पर मौत हो गई। जबकि शिक्षक पति गंभीर रूप से घायल हो गया।

———————————————————————————

बांका में बाल ह्दय योजना के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा चयनित बच्चे को निःशुल्क इलाज के लिए सत्य साई ह्दय अस्पताल अहमदाबाद भेजा गया।

———————————————————————————

मधुबनी जिले के खजौली थाना क्षेत्र के कन्हौली तुरकाहा गांव में भूमि विवाद में अपराधियों ने भू—स्वामी को गोली मारकर हत्या कर दिया जबकि उसकी पत्नी घायल हो गई। पुलिस इस मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ कर रही है।

———————————————————————————

भभुआ की अदालत ने चार सौ उनतीस लीटर विदेशी शराब बरामदगी के मामले में समस्तीपुर जिला स्थित विद्यापति नगर थाना क्षेत्र के आलमपुर निवासी मोहम्मद फिरोज को आठ वर्ष की सश्रम सजा और एक लाख रुपए की जुर्माना सुनाई है।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नवनिर्मित परिसर का उद्घाटन किया। कहा– विश्वविद्यालय का कायाकल्प उभरते भारत की क्षमता और ताकत का प्रतीक है।

02. केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने कहा– खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र किसानों की आय बढ़ाने और विकसित भारत के सपने को साकार करने में प्रमुख भूमिका निभा सकते हैं।

03. नीट–यूजी पेपर लीक मामले में आर्थिक अपराध इकाई– ईओयू ने दो परीक्षार्थियों से आज गहन पूछताछ की।

04. और, प्रदेश के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों के मौसम में बदलाव। किशनगंज, अररिया, पूर्णियां और सुपौल में जहां बारिश रिकॉर्ड की गयी। वहीं, औरंगाबाद, पटना और बक्सर भीषण गर्मी के चपेट में।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।